# सीएम आज माता शबरी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

## भगवान श्रीराम वन गमन के दौरान सीतामढ़ी क्षेत्र से गुजरे थे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 फरवरी को शहडोल जिले के जयसिंहनगर में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. सीतामढ़ी धाम श्रीरामचन्द्र पथगमन मार्ग में आता है.**



ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वन गमन की यात्रा अयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर श्री लंका पहुंचे थे. इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों पर उन्होंने विश्राम किया था. शहडोल जिले का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है. दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण भी का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा भगवान श्रीराम मंदिर मौजूद है.

### 767 करोड़ की लागत वाले 142 कार्यों का होगा लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 8 फरवरी को जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ रुपए की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे. इन कार्यों में 633 करोड़ रुपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा. इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मप्र लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मप्र पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं.

> **सीएम करेंगे नवनिर्मित वॉटर पार्क का लोकार्पण**
> मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क का लोकार्पण करेंगे. वॉटर पार्क में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के व्यवस्था की गई है. स्वीमिंग पूल का निर्माण, मिनी ओलंपिक के मापदण्ड के अनुसार किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के 15 हितग्राहियों को नियुक्त पत्र भी वितरित करेंगे.

# मंत्री विजय शाह ने फिर मांगी माफी

### 09 को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 फरवरी. प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर माफी मांगी है. शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है.**

शाह के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के मामले में सोमवार 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी. वीडियो में मांफी मांगते हुए शाह ने कहा कि मैंने पहले भी कई बार कहा है कि मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज या किसी वर्ग का अपमान हो. वे शब्द नि:संदेह मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे. वे शब्द देशभक्ति के उत्साह, आवेश और उत्तेजना में निकल गए थे. आप सभी जानते हैं कि मेरी ऐसी कोई दुर्भावना नहीं थी. उन्होंने कहा कि मैंने अंत:करण से क्षमा याचना की. पहले भी कई बार की है. आज एक बार फिर कर रहा हूं. मेरे लिए ये अत्यंत पीड़ादायक है कि मेरी छोटी ी त्रुटि से ऐसा विवाद उत्पन्न हुआ.

> मुझे विश्वास है कि मेरी भावनाओं को सही संदर्भ में समझा जाएगा. भारतीय सेना के प्रति मेरे मन में सदैव सम्मान रहा है और रहेगा. शाह ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए शब्दों का मर्यादा, संवेदनशीलता जरुरी है. इस घटना से मैंने आत्ममंथन किया है. सबक लिया है. अपनी जिम्मेदारी मानता हूं, भविष्य में वाणी पर नियंत्रण रहेगा. ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी. एक बार पुन: उस मामले में आप सभी से, भारतीय सेना से, सब लोगों से अंत:करण से माफी मांगता हूं. यहां बता दें कि पिछले वर्ष शाह ने महू में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया था, उसके बाद हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे. बाद में ये मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा. कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की, जिसकी अंतिम रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो सकी है. एसआईटी ने भी सुप्रीम कोर्ट से मामले की विस्तृत जांच के लिए और अतिरिक्त समय की मांग की थी.

# सीवरेज पाइपलाइन के लिए खोदी गई नई सड़क, वार्ड 42 में लोगों की बढ़ी चिंता

## अमृत जल और गैस पाइपलाइन के बाद अब सीवरेज से सड़क की हालत बिगड़ने का डर

- कॉन्वेंट स्कूल तिराहा से देवरा गनियारी तिराहा तक शुरू हुआ कार्य

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 फरवरी। नगर पालिका निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 42 में कॉन्वेंट स्कूल तिराहा से लेकर देवरा गनियारी तिराहा तक सीवरेज पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।**




इस कार्य के लिए हाल ही में बनी पीसीसी एवं डामर सड़क को जगह-जगह से खोद दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी और चिंता बढ़ गई है। यह सड़क लाखों रुपये की लागत से बनाई गई थी और क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल रही थी, लेकिन अब पाइपलाइन बिछाने के चलते सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इससे पहले भी अमृत जल योजना और गैस पाइपलाइन के नाम पर कई सड़कों को खोदा गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क को पहले जैसी स्थिति में बहाल नहीं किया गया। नतीजतन उन क्षेत्रों की सड़के आज भी उबड़-खाबड़ और बदहाल हैं। बारिश के समय कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है।

> **गुणवत्ता और सड़क की पुनर्स्थापना पर ध्यान नही**
> क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई है कि वार्ड 42 की इस सड़क का भी वही हाल हो सकता है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा कार्य तो किया जाता है, लेकिन गुणवत्ता और सड़क की पुनर्स्थापना पर ध्यान नहीं दिया जाता। इससे सरकार और नगर निगम द्वारा खर्च किए गए लाखों रुपये पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम परिषद की बैठकों में भी कई बार यह मुद्दा उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक ठेकेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई या दबाव नहीं बनाया जा सका है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन कार्य पूरा होने के बाद सड़क को पहले जैसी मजबूत और समतल स्थिति में बनाया जाए, ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने पर 2 लड़कियों के खिलाफ मामला दर्ज

**भिंड.** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक और अमर्यादित वीडियो पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने दो युवतियों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं. एक मामले में धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप है, जबकि दूसरे में महिलाओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणी किए जाने की शिकायत मिली है. पहले मामले में जिले के लहार अनुभाग के रावतपुरा निवासी युवती पर आरोप है कि उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट 'सिब्बो लहार' से 3 फरवरी से 4 फरवरी के बीच चार पांच वीडियो पोस्ट किए.


## कार्यालय, नगरपालिका परिषद इटारसी

क्रं./लोक कर्म शाखा/2026 /2249 — इटारसी दि. 06.02.2026

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | टेण्डर पोर्टल क्रं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_480761_1 | शहर इटारसी में मुख्यमंत्री मॉनिट ए नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत विभिन्न सीसी निर्माण कार्य ( कार्यों की सूची संलग्न ) ( द्वितीय आमंत्रण ) | 3,37,11,358/- | 1,68,560/- 15,000/- | 21.02.2026 17.30 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद इटारसी




# देवसर-जोगिनी पुल से 20 फीट नीचे गिरी बाइक,हेलमेट से बची जान

नवभारत न्यूज

**देवसर 7 फरवरी। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 39 जोगिनी गांव में आज दिन शनिवार की दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।**

देवसर-जोगिनी पुल से एक बाइक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट नीचे गिर गई। हादसे में बाइक सवार संदीप सेन गंभीर रूप से घायल हो सकते थे, लेकिन हेलमेट पहनने के कारण उनकी जान बच गई। उन्हें केवल हल्की खरोंचें आई हैं।



पीड़ित संदीप सेन ने बताया कि वे अपने घर में आयोजित शादी समारोह के लिए लोगों को निमंत्रण देने देवसर जा रहे थे। जोगिनी पुल के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे में बाइक का पहिया फिसल गया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और बाइक सीधे पुल से नीचे जा गिरी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार कराया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सीधी-सिंगरौली को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पिछले 14 वर्षों से निर्माणाधीन है, लेकिन अब तक सड़क पूरी तरह तैयार नहीं हो सकी है।

# विकसित भारत जी राम जी योजना बनेगी समृद्धि का आधार : विश्वामित्र

- मंगल भवन देवसर में विकसित भारत जी राम जी एवं केंद्रीय बजट पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**देवसर 7 फरवरी। मंगल भवन देवसर में विकसित भारत जी राम जी एवं केंद्रीय बजट पर मंडल नौढ़िया एवं जियावन की संयुक्त कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे।**

कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष रमेश द्विवेदी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में अवगत कराया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने भारत जी राम जी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना लोगों को रोजगार तथा उनकी समृद्धि एवं गांवों के समग्र विकास का आधार बनेगी, उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि इस योजना को जन जन तक पहुंचाने, योजना के लाभ से जन जन को अवगत कराने, एवं इस योजना से ग्रामीण परिवारों को मिलने वाले रोजगार तथा ग्रामों में अधोसंरचना विकास के बारे में लोगों को भली भांति अवगत कराएं तथा ग्रामों के समग्र विकास में सहभागिता निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि कॉंग्रेस पार्टी के लोगों द्वारा इस योजना के बारे में भ्रम फैलाया जा रहा है इस लिए उस भ्रम को दूर करने के लिए लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक करते हुए इससे लाभों को बताना जरूरी है। उन्होंने ने कहा कि पहले मनरेगा में प्रत्येक परिवार को मात्र 100 दिन का रोजगार मिलता था, लेकिन अब इस योजना से प्रत्येक पात्र परिवार को 125 दिन का रोजगार एवं त्वरित भुगतान की गारंटी का प्रावधान है, समय पर भुगतान ना होने पर पेनाल्टी का भी प्रावधान किया गया है। क्षेत्रीय विधायक ने केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रावधानों नीतियों एवं उसके सामाजिक आर्थिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बजट ग्रामीण अर्थ व्यवस्था बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने बाला तथा आमजन की समृद्धि गांवों के समग्र विकास एवं विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमापति साहू मंडल अध्यक्ष जियावन, वरिष्ठ अधिवक्ता संतराम सिंह बैस, कालिका बैस, कमलेंद्र चतुर्वेदी, शुंधांशू द्विवेदी, रामप्रसाद बैस, इंद्रजीत सिंह, मानिक राम पनिका, परशुराम तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।


## न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

फार्म अ

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री प्रसूम कुमार बडगैयां पिता श्री प्रवीण कुमार बडगैयां निवासी माइ होम कॉलोनी म.नं. बी 32 पोस्ट अमानगंज जिला पन्ना (म.प्र.) एवं कु. प्राची बाजपेयी पिता श्री कुंज बिहारी बाजपेयी निवासी ई 108 कचना भारत पेट्रोल पंप ईस्ट 12 शंकर नगर जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित विवाह के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 28 फरवरी, 2026 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेंगा।

आज दिनांक 29 जनवरी, 2026 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

अवधि 30 दिन से कम न हो

**विवाह अधिकारी**
**रायपुर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं अमन श्रीवास्तव पिता बी.एल. श्रीवास्तव निवासी 12 / 69 बिहाइंड ब्लाक ऑफिस बजरंग नगर तहसील हुजूर जिला रीवा मेरे आधार कार्ड और समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम बी. एल. श्रीवास्तव (B.L.shrivastava) अंकित है जबकि मेरे पेन कार्ड और वोटर कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम भैय्यालाल श्रीवास्तव (bhaiyalal shrivastava) अंकित है जो की सही और सत्य है उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है अत: हर जगह मेरे पिता का नाम भैय्यालाल श्रीवास्तव (bhaiyalal shrivastava) लिखा पढ़ा मान्य किया जाये शपथ पत्र संख्या 01013007022026000933 दिनांक 07/02/2026 सार्वजनिक नोटरी, रीवा जिला न्यायालय

## कार्यालय कलेक्टर जिला सतना (म0प्र0) एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

**// अधिसूचना //**

भू-अर्जन प्र0क्र0 अ 82/25-25 पत्र क्र. 147/ भू-अर्जन / 2025 दि. 29/01/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: सही भूमि अधिग्रहण पुर्नवास 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने 5 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा।

**अनुसूची**

| भूमि का वर्णन | | | | धारा 12 के लिए प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | अर्जनीय रकवा (हे.में.) लगभग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| सतना | नागौद | कठवरिया | 0.2020 हे. | कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र.-07 जिला सतना (म.प्र.) | बरगी व्यपर्वतन परियोजना अंतर्गत नागौद (सतना) शाखा नहर के अंतर्गत दुबहिया सब माइनर नहर के निर्माण हेतु निजी भूमि का अर्जन. |

भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यालय कलेक्टर (भू अर्जन शाखा) सतना के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(डॉ.सतीश कुमार एस.)**
कलेक्टर
जिला सतना (म0प्र0)
एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग

G-25469/25

## केन्द्रीय विद्यालय सी.डब्ल्यू.एस.जयन्त कोलयरी जिला सिंगरौली ( म.प्र. ) 486890

**साक्षात्कार/ Walk-In-Interview 2026-27**

केन्द्रीय विद्यालय सी.डब्ल्यू.एस, जयंत में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पूर्णत: अंशकालिक अनुबंध आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल बनाने हेतु **Walk-In-Interview** दिनांक 22/02/2026 एवं 23/02/2026 को प्रात: 9.00 बजे से निम्नानुसार आयोजित किया जा रहा है

| क्र. | पद नाम | विषय | साक्षात्कार की तिथि एवं समय | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी) एवं बालवाटिका शिक्षक | प्राथमिक शिक्षक, प्री-प्राइमरी शिक्षक | 22/02/2026 (रविवार) | विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय वेबसाइट/Website https://jayantcolliery.kvs.ac.in एवं विद्यालय सूचना पटल देखें। |
| 02 | अन्य पद | स्पेशल एजुकेटर, एजुकेशनल काउंसलर,खेल एवं क्रीडा प्रशिक्षक, योग शिक्षक, नर्स, संगीत/नृत्य प्रशिक्षक | | |
| 03 | स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) | स्नातकोत्तर शिक्षक, हिंदी,अंग्रेजी गणित, भौतिक, रसायन विज्ञान जीवविज्ञान, वाणित्य,अर्थशास्त्र कंप्यूटर विज्ञान | 23/02/2026 (सोमवार) | |
| 04 | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) | हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान सामाजिक विज्ञान, संस्कृत | | |
| 05 | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर | कंप्यूटर/एआई | | |

नोट: 01. साक्षात्कार/ Walk-In-Interview में उपस्थित होने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि वे आवश्यक अर्हता धारित हो। अपात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा।
02. साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथियों में सुबह 9: 00 बजे अपने सभी प्रमाणपत्रों/शैक्षिक योग्यताओं की स्वप्रमाणित छायाप्रति, मूल प्रमाण पत्रों एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ विद्यालय में उपस्थित हो।
03.पूर्णत: भरे हुए आवेदन फार्म, आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ बंद लिफाफे में दिनांक 19/02/2026 को 2.00 बजे तक विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। अलग-अलग पद हेतु अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा ।
04. साक्षात्कार एवं नियुक्ति से संबन्धित जानकारी एवं अनिवार्य योग्यता मापदंड विद्यालय वेबसाइट https://jayantcolliery.kvs.ac.in के what's New में उपलब्ध है।
05. उपरोक्त पदों हेतु आवश्यक योग्यता की विस्तृत जानकारी हेतु https://jayantcolliery.kvs.ac.in और https://kvsangathan.nic.in देखे । उम्मीदवार विद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जा कर दिनांक 19.02.2026 तक ऑनलाइन पंजीयन करना सुनिश्चित करें।
06.चयन प्रक्रिया में बाहय प्रभाव के प्रयोग किए जाने पर अभ्यर्थी अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**प्राचार्य**
**केन्द्रीय विद्यालय सीडब्ल्यूएस, जयंत**

## कार्यालय कलेक्टर, जिला सतना एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग सतना

क्र. 156/ भू-अर्जन / 2026 — सतना, दिनांक 30/01/2026

**घोषणा**

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अत: भू-अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन (क्र. - एक, सन् 2013 ) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

**अनुसूची**

(1) भूमि का वर्णन : - ( म.प्र. शासन / निजी खाता)
(क) जिला - सतना (ख) तहसील - रघुराजनगर (ग) नगर / ग्राम - धनखेरखुर्द (घ) क्षेत्रफल - 3.1390 हे0

| क्र. | भूस्वामी का नाम / पिता का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | राजवेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 31/2 | 0.0710 |
| 2 | सहेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 32/1 | 0.1160 |
| 3 | राजवेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 32/2 | 0.0460 |
| 4 | देवेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंहं पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 34/1 | 0.0820 |
| 5 | सहेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 34/2 | 0.0200 |
| 6 | सहेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 35 | 0.0050 |
| 7 | देवेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंहं पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 36 | 0.0210 |
| 8 | देवेन्द्र सिंह पिता ओंकार सिंहं पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 37 | 0.0180 |
| 9 | राज कुमारी बेवा जयबीर सिंह, लाल बाबू सुरेन्द्र पिता जयवीर सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 42 | 0.1790 |
| 10 | राहुल सिंह पिता उमेद सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 41/1 | 0.0120 |
| 11 | अवनीश प्रताप सिहं पिता उम्मेद सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 41/2 | 0.1440 |
| 12 | प्रदीप पिता मातादीन ब्राम्हण पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 56/2 | 0.3150 |
| 13 | प्रदीप पिता मातादीन ब्राम्हण पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 55/2 | 0.0210 |
| 14 | रामकुमार पिता जगदेउना चमार पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 103/1/1 | 0.1150 |
| 15 | बुद्धलाल पिता जगदेउना चमार पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 103/1/2 | 0.0600 |
| 16 | भइयालाल पिता रामकृपाल ब्राम्हण पता रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 104/1/1/1 | 0.0420 |
| 17 | भइयालाल पिता रामकृपाल ब्राम्हण पता रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 104/1/1/2 | 0.0160 |
| 18 | जीवनलाल, राजेश, रामजी, श्यामजी पिता लीलाधर ब्राम्हण, बुटाऊआ पुत्री लीलाधर ब्राम्हण पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 68/1/1 | 0.0390 |
| 19 | शिवनंदन सिंह पिता महीप सिंह पता सोहावल सतना भूमि स्वामी | 43 | 0.0130 |
| 20 | लालसुरेन्द्र प्रताप सिंह पिता रणजितेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र सिंह पिता लालसुरेन्द्र सिंह पता सोहावल रघुराजरगन सतना भूमि स्वामी | 44/1 | 0.1850 |
| 21 | शिवनंदन सिंह पिता महीप सिंह पता सोहावल सतना भूमि स्वामी | 44/2 | 0.1850 |
| 22 | लालसुरेन्द्र प्रताप सिंह पिता रणजितेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र सिंह पिता लालसुरेन्द्र सिंह पता सोहावल रघुराजरगन सतना भूमि स्वामी | 50/1 | 0.0200 |
| 23 | अरूण सिंह पिता जगजीत सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 222/1 | 0.2000 |
| 24 | शिवबहादुर सिंह पिता जगजीत सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 222/2 | 0.2000 |
| 25 | शिवबहादुर सिंह पिता जगजीत सिंह पता धनखे खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 221/2 | 0.0200 |
| 26 | मनुवा पिता सेवका कोटवार पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 227 | 0.0050 |
| 27 | मनुवा पिता सेवका कोटवार पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 228/1 | 0.0060 |
| 28 | सत्यभामा सिंह पत्नी उदयराज सिंह पता छिंदा नागौद सतना भूमि स्वामी | 228/2 | 0.0360 |
| 29 | मनुवा पिता सेवका कोटवार पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 229/1 | 0.0710 |
| 30 | सत्यभामा सिंह पत्नी उदयराज सिंह पता छिंदा नागौद सतना भूमि स्वामी | 229/2 | 0.0410 |
| 31 | सत्यभामा सिंह पत्नी उदयराज सिंह पता छिंदा नागौद सतना भूमि स्वामी | 230 | 0.0160 |
| 32 | सत्यभामा सिंह पत्नी उदयराज सिंह पता छिंदा नागौद सतना भूमि स्वामी | 232 | 0.0650 |
| 33 | सत्यभामा सिंह पत्नी उदयराज सिंह पता छिंदा नागौद सतना भूमि स्वामी | 233/1 | 0.0380 |
| 34 | रामरूचि कुशवाहा पिता शम्भू प्रसाद कुशवाहा पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना | 233/2 | 0.0920 |
| 35 | ठाकुर प्रसाद पिता शंभू प्रसाद कुशवाहा पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना | 236/1 | 0.0930 |
| 36 | राज कुमार पिता शंभू प्रसाद कुशवाहा पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 236/2 | 0.0160 |
| 37 | रामलखन पिता आशाराम पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 237/1/1 | 0.1020 |
| 38 | पूनम पत्नी रामलखन कुशवाहा पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 237/1/2 | 0.0020 |
| 39 | रामरतन पिता आशाराम पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 237/2 | 0.0900 |
| 40 | केशव प्रसाद पिता वैजनाथ काछी पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 239/2 | 0.0100 |
| 41 | पूनम पत्नी रामलखन कुशवाहा पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 238 | 0.0970 |
| 42 | जगदेवना पिता भोदुआ चमार, सुबरनिया बेवा राम लाल अहिरवार शुशीला पुत्री रामलाल अहिरवार, चुनवदिया पिता भेदुआ चमार, पुनिया, काली पुत्री भोदुआ चमार पता रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 66 | 0.0100 |
| 43 | रामलखन पिता आशाराम पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 241/1 | 0.0050 |
| 44 | रामलखन, रामरतन कुशवाहा पुत्र आशाराम कुशवाहा, शकुंतला, मुन्नीबाई, अर्मिला, बुट्टी, बुटनिया पुत्री आशाराम कुशवाहा पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना | 250 | 0.1160 |
| 45 | उम्मेद सिंह पिता शुभकरण सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 45/1 | 0.0710 |
| 46 | गलेश्वर सिंह कमलेश सिंह पिता जयराम सिंह राजकुमारी पत्नी जयवीर सिंह लालबापू सुरेन्द्र सिंह पिता जयवीर सिंह पता धनखेर खुर्द रघुराजनगर सतना भूमि स्वामी | 45/2 | 0.0120 |
| | योग रकबा हे में- | 3.1390 | |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये अर्जन आवश्यक है- बरगी व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत नागौद - सतना शाखा नहर के अन्तर्गत सोहावल वितरिका की धनखेरखुर्द माइनर एवं सबमाइनर के निर्माण हेतु ।(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर (भू-अर्जन ) जिला सतना के न्यायालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(डॉ. सतीश कुमार एस.)**
**कलेक्टर ,जिला सतना (म0प्र0)**
**एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग**

G-25454/25